भूमिका

इन गर्मियों में भाकली (माले) का सातवां सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन की मुख्य विषय वस्तु 'हमारे पार्टी संगठन की समस्याएं और समाधान' था।

इस सम्मेलन में अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय परिस्थितियों का मूल्यांकन करते हुए राजनीतिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और पास हुई। सम्मेलन की मुख्य विषय वस्तु पर 'हमारी समस्याएं और समाधान' दस्तावेज प्रस्तुत किया गया जो कुछ संशोधनों के साथ पास हुआ। यहां यह बताना समाचीन होगा की हमारे पार्टी संगठन की समस्याएं और समाधान पर अल्पमत की भिन्न राय थी। मतभेद के मूल बिन्दु पेशेवर क्रांतिकारी की अवधारणा और जनाधार विकसित करने के सवाल से संबंधित थे। यह राय सम्मेलन की तैयारी के दौरान पूरे पार्टी संगठन में और फिर सम्मेलन में रखी गई। अल्पमत की इस राय को सम्मेलन ने अस्वीकार कर दिया।

इसके साथ ही सम्मेलन ने कुछ प्रस्ताव भी पारित किये।

'लाल सलाम' के इस अंक में हम सम्मेलन के दस्तावेजों को प्रकाशित कर रहे हैं। इनमें अंतर्राष्ट्रीय –राष्ट्रीय परिस्थितियों पर 'राजनीतिक रिपोर्ट', हमारी समस्याएं और समाधान' दस्तावेज के अंश (जो समस्याओं के वैचारिक पक्ष से संबंधित हैं) तथा प्रस्ताव शामिल हैं।

हम इन दस्तावेजों को देश के कम्युनिस्ट क्रांतिकारी आंदोलन के सामने इस उम्मीद से प्रस्तुत कर रहे हैं कि वह अपनी प्रतिक्रिया और आलोचना के द्वारा हमें अपनी अवस्थितियों को समृद्ध करने और गलतियों को दुरुस्त करने में मदद करेगा।